# कन्यादान

Question 1.
कन्यादान कविता में किसके दुःख को वाणी प्रदान की गई है ?
(a) लड़की के दुःख को
(b) लड़की की माँ के दुःख को
(c) कवि के दुःख को
(d) इनमें से कोई नहीं

▼ Answer

Answer: (b) लड़की की माँ के दुःख को।

---

Question 2.
माँ बेटी को लेकर चिंतित क्यों है ?
(a) अपने चिरसंचित अनुभवों के कारण
(b) अपने बेटी के स्वभाव के कारण
(c) बेटी के अधूरे ज्ञान के कारण
(d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं
माँ के अपने जीवन के अनेक कटु अनुभव हैं, वह अपनी पुत्री को अच्छी तरह जानती है।

---

Question 3.
लड़की को अभी क्या करना नहीं आता था ?
(a) घर का कामकाज
(b) दुःखों की भयानकता को समझना
(c) पढ़ाई-लिखाई का कार्य
(d) अपना काम समय पर कर लेना

▼ Answer

Answer: (b) दुःखों की भयानकता को समझना
लड़की को अभी दुःखों की भयानकता को समझना नहीं आता।

---

Question 4.
'तुकों और कुछ लयबद्ध पंक्तियों' से कवि का क्या तात्पर्य है ?
(a) कवि का तात्पर्य उस सामान्य ज्ञान की प्राप्ति से है जो विवाह से पूर्व लड़की को परिवार में दिया जाता है
(b) लयबद्ध कविता की रचना करना
(c) सुर में सुर मिलाकर गीत गाना
(d) लयबद्ध संगीत की रचना करना

▼ Answer

Answer: (a) कवि का तात्पर्य उस सामान्य ज्ञान की प्राप्ति से है जो विवाह से पूर्व लड़की को परिवार में दिया जाता है
कवि का तात्पर्य उस सामान्य ज्ञान की प्राप्ति से है जो विवाह से पूर्व परिवार में लड़की को दिया जाता है।

---

Question 5.
"वस्त्र और आभूषण शाब्दिक भ्रमों की तरह बंधन हैं। स्त्री-जीवन के" पंक्ति में निहित अलंकार बताइए।
(a) रूपक
(b) श्लेष
(c) उत्प्रेक्षा
(d) उपमा

▼ Answer

Answer: (d) उपमा
वस्त्र और आभूषणों की तुलना शाब्दिक भ्रमों से हुई है। अतः उपमा अलंकार है।

---

Question 6.
'माँ ने कहा लड़की होना, पर लड़की जैसी दिखाई मत देना' पंक्ति में निहित अलंकार बताइए।
(a) विरोधाभास
(b) प्रतीक
(c) उत्प्रेक्षा
(d) उपमा

▼ Answer

Answer: (a) विरोधाभास
विरोधाभास अलंकार-लड़की होकर लड़की जैसी ही दिखाई देती है।

---

Question 7.
माँ ने बेटी को 'अपने चेहरे पर मत रीझना' क्यों कहा है ?
(a) क्योंकि नव वधू अपनी सुंदरता की प्रशंसा सुनकर ससुराल वालों द्वारा छली जाती है कारण मा
(b) सुंदरता चिरस्थायी नहीं होती
(c) सौंदर्य की प्रशंसा सुनना स्त्री की कमजोरी होती है
(d) 'a' और 'b' कथन सत्य हैं

▼ Answer

Answer: (a) क्योंकि नव वधू अपनी सुंदरता की प्रशंसा सुनकर ससुराल वालों द्वारा छली जाती है कारण मा
क्योंकि नववधू अपनी प्रशंसा सुनकर ससुराल वालों द्वारा छली जाती है।

---

Question 8.
'दु:ख बाँचना' में निहित गूढार्थ स्पष्ट कीजिए।
(a) दु:ख की पहचान
(b) जीवन में आने वाले दु:खों की जानकारी रखना
(c) भावी जीवन के हर पक्ष की समझ रखना
(d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं
जीवन में आने वाले दुःखों की पूर्णतया समझ रखना।

---

Question 9.
'आग और पानी' की क्या विशेषता होती है ?
(a) ये जीवन देने वाले होते हैं
(b) ये जीवन लेने वाले होते हैं
(c) ये जीवन लेने व देने वाले होते हैं
(d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं
आग और पानी जीवन देते भी हैं और लेते भी हैं।

---

Question 10.
वस्त्र और आभूषणों को नारी जीवन में कैसा बताया गया है ?
(a) सौंदर्यवर्धक
(b) शाब्दिक भ्रमों की तरह
(c) शिक्षाप्रद
(d) इनमें से कोई नहीं

▼ Answer

Answer: (b) शाब्दिक भ्रमों की तरह
वस्त्र और आभूषणों को शाब्दिक भ्रमों की तरह बताया गया है।

---

Question 11.
ऋतुराज का जन्म कब और कहाँ हुआ ?
(a) सन् 1940 में राजस्थान के भरतपुर में
(b) सन् 1948 में उदयपुर में
(c) सन् 1944 में जोधपुर में
(d) सन् 1940 में जयपुर में

▼ Answer

Answer: (a) 1940 में राजस्थान के भरतपुर में।

---

Question 12.
ऋतुराज जी ने आजीविका के लिए किस क्षेत्र को चुना ?
(a) वकालत
(b) अध्यापन
(c) व्यापार
(d) चिकित्सा

▼ Answer

Answer: (b) अध्यापन
अध्यापन कार्य।

---

Question 13.
'कन्यादान' कविता में माँ के दुःख को प्रामाणिक क्यों कहा गया है ?
(a) माँ का दुःख प्रामाणिक होता है
(b) माँ का दुःख सबसे बड़ा होता है
(c) माँ का दुःख अतुलनीय होता है
(d) कन्यादान करना माँ के लिए अत्यन्त पीड़ादायी होता है

▼ Answer

Answer: (d) कन्यादान करना माँ के लिए अत्यंत पीड़ादायी होता है।

---

Question 14.
माँ को अपनी बेटी अंतिम पूँजी क्यों लग रही थी ?
(a) पुत्री माँ के सबसे निकट होती है
(b) वह उसके सुःख-दुःख की साथिन होती है
(c) स्त्री-जीवन से जुड़ी समस्याओं पर वह अपनी बेटी के साथ बातचीत कर सकती है
(d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं
पुत्री माँ के सबसे निकट होती है। वे आपस में सुख दुःख की सारी बातें कर लेती हैं।

---

Question 15.
धुंधले प्रकाश की पाठिका होने से क्या आशय है ?
(a) अज्ञान की स्थिति होना
(b) कम दिखाई देना
(c) विषय का अस्पष्ट ज्ञान होना
(d) अक्षर ज्ञान न होना

▼ Answer

Answer: (c) विषय का अस्पष्ट ज्ञान होना।

---

Question 16.
"दुःख बाँचना' से कवि का क्या अभिप्राय है ?
(a) जीवन में आने वाले दुःखों की समझ होना
(b) सुख-दुख का अन्तर जानना
(c) स्थिति विपरीत होने पर भी पढ़ना
(d) इनमें से कोई नहीं

▼ Answer

Answer: (a) जीवन में आने वाले दुःखों की समझ होना।

---

Question 17.
'लड़की अभी सयानी नहीं हुई थी' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।
(a) वह अभी वयस्क नहीं थी
(b) वह अभी बालिका ही थी
(c) वह अभी मानसिक रूप से अपरिपक्व थी
(d) इनमें से कोई नहीं

▼ Answer

Answer: (c) वह अभी मानसिक रूप से अपरिपक्व थी
लड़की शारीरिक रूप में विकसित थी, परन्तु मानसिक रूप से अपरिपक्व थी।

---

Question 18.
'आग रोटियाँ सेंकने के लिए है, जलने के लिए नहीं' पंक्ति में किस समस्या को उभारा है ?
(a) ईंधन की समस्या को
(b) रसोई का काम न जानना
(c) घर के काम में रुचि लेना
(d) नववधू को जला कर मार डालना

▼ Answer

Answer: (d) नववधू को जलाकर मार डालना।

---

Question 19.
'पाठिका थी वह धुंधले प्रकाश की' यहाँ पाठिका कौन है ?
(a) स्वयं लड़की
(b) लड़की की माँ
(c) लड़की की सहेली
(d) इनमें से कोई नहीं

▼ Answer

Answer: (a) स्वयं लड़की
पाठिका लड़की को कहा गया है।

---

Question 20.
'जैसे वही उसकी अन्तिम पूँजी हो' पंक्ति में निहित अलंकार बताइए।
(a) यमक
(b) श्लेष
(c) उत्प्रेक्षा
(d) रूपक

▼ Answer

Answer: (c) उत्प्रेक्षा
उत्प्रेक्षा अलंकार, क्योंकि उपमेय में उपमान की अभिव्यक्ति हुई है।

---

काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

(1)

कितना प्रामाणिक था उसका दुख
लड़की को दान में देते वक्त
जैसे वह उसकी अंतिम पूँजी हो
लडकी अभी सयानी नहीं थी
अभी इतनी भोली सरल थी
कि उसे सुख का आभास तो होता था
लेकिन दुख बाँचना नहीं आता था
पाठिका थी वह धुंधले प्रकाश की
कुछ तुकों और कुछ लयबद्ध पंक्तियों की

Question 1.
कन्यादान के समय माँ का हृदय कैसा हो जाता है ?
(a) बहुत सुखी
(b) बहुत दुःखी
(c) न सुखी न दुःखी
(d) बहुत उत्साहित

▼ Answer

Answer: (b) बहुत दुःखी
माँ का हृदय बहुत दुःखी हो जाता है।

---

Question 2.
कवि ने अंतिम पूँजी किसे कहा है ?
(a) पृथ्वी को
(b) आकाश को
(c) ज़मीन को
(d) अपनी कन्या को

▼ Answer

Answer: (d) अपनी कन्या को
कवि ने अंतिम पूँजी कन्या को कहा है।

---

Question 3.
सयानी लड़की कैसी होती है ?
(a) बहुत चालाक
(b) बहुत मूर्ख
(c) बहुत समझदार
(d) बहुत शिक्षित

▼ Answer

Answer: (c) बहुत समझदार।

---

Question 4.
धुंधले प्रकाश का अर्थ है ?
(a) अंधेरा
(b) उजाला
(c) अस्पष्ट ज्ञान
(d) स्पष्ट ज्ञान

▼ Answer

Answer: (c) अस्पष्ट ज्ञान
धुंधले प्रकाश का अर्थ 'अस्पष्ट ज्ञान' है।

---

Question 5.
तुकों और लयबद्ध पंक्तियों का अर्थ है ?
(a) सीधी बात को समझना
(b) हर प्रकार की बात को समझना
(c) अल्हड़पन
(d) मस्ती भरा जीवन

▼ Answer

Answer: (a) सीधी बात को समझना
सीधी और स्पष्ट बात को समझना।

---

(2)

माँ ने कहा पानी में झाँककर
अपने चेहरे पर मत रीझना
आग रोटियाँ सेंकने के लिए है
जलने के लिए नहीं
वस्त्र और आभूषण शाब्दिक भ्रमों की तरह
बंधन हैं स्त्री जीवन के
माँ ने कहा लड़की होना
पर लड़की जैसी दिखाई मत देना।

Question 1.
कवि एवं कविता का नाम लिखिए।

▼ Answer

Answer:

- कवि : ऋतुराज
- कविता : कन्यादान।

---

Question 2.
माँ ने आग का प्रयोग क्या बताया और क्यों ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- माँ ने आग का प्रयोग रोटी सेंकना बताया
- आग जीवन देने वाली है
- आजकल वधुओं को आग में जलाया जा रहा है
- आग का काम जीवन देना है, जीवन लेना नहीं।

---

Question 3.
वस्त्र-आभूषणों को स्त्री-जीवन के लिए बंधन क्यों बताया

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- स्त्री वस्त्र-आभूषणों के मोह में शीघ्र फँस जाती है
- वस्त्र-आभूषण सदैव नहीं रहते
- सौंदर्य सदा नहीं रहता।

---

Question 4.
कवि ने यह क्यों कहा लड़की होना पर लड़की जैसी दिखाई मत देना ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- लड़कियों को कमजोर समझा जाता है
- कमज़ोर होना कायरता की निशानी है
- लड़कियों को अन्याय का विरोध करना चाहिए।

---

Question 5.
आग और पानी का प्रतीकार्थ समझाइए।

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- आग और पानी जीवन देने वाले हैं
- ये जीवन लेने वाले भी बन जाते हैं
- हमें इनका सदुपयोग करना चाहिए।

---

लघूत्तरीय प्रश्न

Question 1.
'लड़की होना पर लड़की जैसी दिखाई मत देना' माँ ने ऐसा क्यों कहा ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- माँ को जीवन का अनुभव था
- माँ ने जीवन में लड़कियों पर अत्याचार होते देखे हैं
- माँ अपनी लड़की को मजबूत बनाना चाहती है।

---

Question 2.
आजकल आग का प्रयोग जीवन लेने वाला किस प्रकार हो गया है ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- दहेज हत्याएँ अधिकतर आग में जलने से ही होती हैं
- यह आग का जीवन लेने वाला रूप है
- हम ही इस रूप के जिम्मेदार हैं।

---

Question 3.
'धुंधले प्रकाश की पाठिका' होने का क्या अर्थ है ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- अधूरा ज्ञान
- विषय की जानकरी न होना
- दुनियादारी की खबर न होना।

---

Question 4.
माँ अपनी बेटी को अंतिम पूँजी क्यों लग रही थी ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- पुत्री माँ के सबसे निकट होती है
- वे दोनों अपने दुःख-दर्द की बात कर सकती हैं
- पुत्री के जाने के बाद उसके जीवन में एक अभाव आ जाएगा।

---

Question 5.
माँ बेटी को क्या सीख दी ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- अपने आपको कमज़ोर मत समझना
- वस्त्राभूषण स्त्री-जीवन के लिए बंधन हैं
- आग रोटियाँ सेंकने के लिए है
- लड़की होना पर लड़की जैसी दिखाई मत देना।

---